# अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय

(मध्यप्रदेश शासन के अधिनियम 2011 द्वारा स्थापित राज्य विश्वविद्यालय)
मुंगलिया कोट, सुखी सेवनिया, विदिशा रोड़, भोपाल–462038 (म0प्र0)
दूरभाष : 0755–2491051/52 वेबसाइट : www.abvhv.edu.in, अणुडाक abvphvbpl@gmail.com


क्रमांक/भंडार–3/65/2019–20/2395 दिनांक 01.12.2020

## संशोधन

विश्वविद्यालय की निविदा क्रमांक –भंडार–3/65/2019–20/2340, दिनांक 12.11.2020 जो कि मूर्तियों के निर्माण के संबंध में हैं निम्नानुसार कंडिका जोड़ी जाती है:–

"कंडिका– 25– मूर्ति निर्माण की दरें कांस्य /पीतल पृथक–पृथक प्रति किलोग्राम की दर से प्रस्तुत करें।"

निविदा हस्तगत/डाक द्वारा प्रस्तुत करने तथा खोलने का विवरण निम्नानुसार है:–

| सं.क्र | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1. | सील बंद निविदा कार्यालय में प्रस्तुत करने/प्राप्त होने की अंतिम तिथि एवं समय | 07–12–2020 | सायं 04:00 बजे तक |
| 2. | निविदा खोलने की तिथि | 08–12–2020 | दोपहर 12:00 बजे |

(हस्ताक्षर) 01/12/2020

कुल सचिव
अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय,
भोपाल।

# अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय, भोपाल

(मध्यप्रदेश शासन के अधिनियम 2011 द्वारा स्थापित राज्य विश्वविद्यालय)
मुगालिया कोट, सुखी सेवनिया, विदिशा रोड, भोपाल (म.प्र.)
दूरभाष : 0755–2558606 वेबसाइट : www.abvhv.edu.in अणुडाक : abvhvbpl@gmail.com


क्रं. भंडार–3/65/2019–2020 भोपाल, दिनांक : 12/11/2020

## मूर्तियों के निर्माण हेतु निविदा आमंत्रण

**निविदा आवेदन एवं प्रक्रिया संबंधी जानकारी**

1. यह निविदा अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय, ग्राम मुगालिया कोट, सूखी सेवनिया, विदिशा रोड, भोपाल के परिसर में स्थापित होने वाली पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी एवं स्वामी विवेकानंद की 6–6 (छः–छः) फीट ऊंची मूर्ति कांस्य/पीतल की मूर्तियों के निर्माण के लिए प्रतिष्ठित/अनुभवी एवं तकनीकी रूप से योग्य फर्मों से आमंत्रित की जा रही हैं। निविदाकर्ता फर्मों से अपेक्षा है कि वे निविदा की शर्तों का अध्ययन सावधानीपूर्वक कर ले।
2. निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी विश्वविद्यालय के वेब स्थल www.abvhv.edu.in पर दी जावेगी।
3. निविदा का अनुमानित मूल्य रुपए 12,00,000/– (शब्दों में रुपए बारह लाख मात्र) लगभग है। निविदा संलग्न प्रपत्रानुसार संलग्न करें। कांस्य एवं पीतल से मूर्ति निर्माण की दरें पृथक–पृथक दर्शाएं।
4. निविदा हस्तगत/डाक द्वारा प्रस्तुत करने तथा खोलने का विवरण निम्नानुसार है :–

| स.क्र. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1. | सील बंद निविदा कार्यालय में प्रस्तुत करने/प्राप्त होने की अंतिम तिथि एवं समय | 02–12–2020 | सायं 04:00 बजे तक |
| 2. | निविदा खोलने की तिथि | 03–12–2020 | दोपहर 12:00 बजे |

निर्धारित समयावधि के पश्चात् एवं डाक विलंब होने के कारण प्राप्त होने वाली निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

5. निविदा प्रपत्र आदि विश्वविद्यालय के वेब स्थल www.abvhv.edu.in से डाउनलोड किया जा सकता है एवं निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. 500/– (रु. पांच सौ मात्र) का डी.डी. जो कुलसचिव, अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय भोपाल के नाम से देय हो, अनिवार्य रूप से निविदा के साथ संलग्न करें।



12/11/2020

Scanned with CamScanner

## निविदा की शर्तें :–

1. संस्था/फर्म द्वारा विगत तीन वर्षों के कार्यानुभव प्रमाण–पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें।

2. संस्था/फर्म के पिछले तीन वर्षों 2017–18, 2018–19 एवं 2019–20 के टर्न ओवर की चार्टर्ड एकाउंटेंड से प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें तथा अंकेक्षित लेखों व बैलेंस शीट की प्रति भी संलग्न करें।

3. पिछले तीन कर निर्धारण वर्ष 2017–18, 2018–19 एवं 2019–20 के इनकम टैक्स के रिटर्न की छायाप्रति संलग्न करें।

4. निविदा टू बिड प्रणाली पर आधारित होगी।

(क) वाणिज्यिक शर्त और निबंधन के साथ सभी तकनीकी ब्यौरे वाली तकनीकी बिड (लिफाफा 'अ' में रखी जावें)

(ख) वित्तीय बिड जिसमें तकनीकी बिड में उल्लेखित उत्पादों के लिए उत्पाद–वार कीमत दर्शाई गई हो। (लिफाफा 'ब' में रखी जावें)

(ग) लिफाफा 'अ' तथा 'ब' तथा शेष सभी दस्तावेज आदि लिफाफा 'स' में रखकर शील्ड लिफाफे में निविदा प्रस्तुत की जानी चाहिए।

5. निविदा में भाग लेने वाली फर्म किसी भी शासकीय संस्था से कभी भी ब्लेक लिस्टेड नहीं होना चाहिए। इसं बाबत् निविदाकर्ता फर्म को शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है जो स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित कर विधिवत प्रस्तुत किया जाए। शपथ पत्र में विश्वविद्यालय के कार्य की गोपनीयता बनाए रखने संबंधी विवरण भी अंकित रहेगा।

6. निविदा प्रपत्र एवं संलग्न प्रपत्रों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदाकर्ता द्वारा फर्म की मोहर लगाकर अधिकृत व्यक्ति ही हस्ताक्षर करें।

7. (क) जी.एस.टी. (जीएसटी) नंबर की छाया प्रति संलग्न करें।

   (ख) आयकर (पीएएन) नंबर की छाया प्रति संलग्न करें।

   (ग) संस्था/फर्म/कंपनी का वैध रजिस्ट्रेशन प्रमाण–पत्र की छाया प्रति संलग्न करें।

8. निविदा केवल निर्धारित प्रपत्र में ही स्वीकार की जावेगी।

   उपरोक्त शर्तों का पूर्णरूपेण पालन न किये जाने पर निविदा पत्रक निरस्त कर दिया जावेगा।

9. निविदाकर्ता को निविदा के साथ रुपए 25,000/– (रु. पच्चीस हजार मात्र) निविदा की प्रतिभूति (Earnest money) प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

10. सफल निविदाकर्ता फर्म को विश्वविद्यालय द्वारा तय किए गए समय के अंदर विश्वविद्यालय के साथ एक अनुबंध पत्र हस्ताक्षर करना होगा। अनुबंध समयावधि में पूर्ण नहीं करने अथवा अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन करने पर सुरक्षा निधि/बैंक गारण्टी राजसात कर ली जावेगी।

11. कार्य संतोषजनक न होने या निविदाकर्ता द्वारा शर्तों का पालन नहीं करने की स्थिति में निविदाकर्ता का आदेश अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय भोपाल द्वारा किसी भी समय बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त किया जा सकता है। इसमें विश्वविद्यालय को जो भी आर्थिक हानि होगी उसकी



12/11/2020

Scanned with CamScanner

वसूली भी स्वीकृत निविदाकर्ता से की जावेगी। ऐसी परिस्थिति में भुगतान से कट
कुलपति, अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय, भोपाल के विवेकाधिकार पर सु

12. सफल निविदाकर्ता को निष्पादन प्रतिभूति (Performance Guarantee) रुपए 1,20,
एक लाख बीस हजार मात्र) प्रस्तुत करना होगी।

13. मूर्तियां स्पेशीफिकेशन के अनुसार होने पर ही स्वीकार की जावेगी। स्पेशीफिकेशन के
होने या निर्धारित गुणवत्ता के अनुरूप नहीं होने पर फर्म को वापस की जावेगी, जिसक
फर्म/संस्था को उठाना होगा।

14. मूर्तियां अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय, ग्राम मुगालिया कोट, सूखी सेवनिया, विदिशा रोड, भोपाल के परिसर में उपलब्ध कराना होगी, जिसका पृथक से कोई चार्ज देय नहीं होगा।

15. निविदा के साथ प्रस्तुत दस्तावेजों की सूची संलग्न की जाए, जिसमें यह स्पष्ट उल्लेख हो कि किस पृष्ठ पंर कौन-सा दस्तावेज संलग्न किया गया है।

16. दरें कर रहित (without tax) होगी। यदि कर लागू हो तो उसका पृथक से कर की दर सहित उल्लेख करें। इसकी जानकारी निविदा प्रपत्र में देवें।

17. आपूर्तिकर्ता द्वारा प्रस्तुत किए गए देयकों के भुगतान पर नियमानुसार टी.डी.एस. एवं अन्य करों की कटौती की जावेगी।

18. निविदा पूर्ण या आंशिक रूप से स्वीकृत/अस्वीकृत करने तथा किसी भी स्तर पर बिना कारण बताए निरस्त करने का पूर्ण अधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित रहेगा।

19. निविदा की शर्तों में किसी प्रकार की छूट नहीं दी जावेगी।

20. निविदाकारों द्वारा दी गई वित्तीय दर समान होने पर समिति स्वविवेक से पैरामीटर/प्रक्रिया निर्धारित कर सफल निविदाकर्ता के निर्धारण हेतु निर्णय लेने के लिए अधिकृत होगी। इस संबंध में किसी का दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

21. निविदा प्रक्रिया के संबंध में किसी भी प्रकार की व्याख्या (Interpretation) का प्रश्न उपस्थित होने पर कुलपति अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय, भोपाल म.प्र. का निर्णय अंतिम होगा।

22. कार्य की दर के योग के आधार पर न्यूनतम दर मान्य होगी।

23. फर्मों की न्यूनतम दर समान होने पर फर्मों के लगातार तीन वर्षों में वार्षिक टर्नओवर का योग अधिक होने वाली फर्म को वरीयता दी जावेगी।

24. न्यायालयीन विवाद की स्थिति में क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय होगा।

12/11/2020

**कुलसचिव**
**अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय**
**भोपाल**



Scanned with CamScanner

# (निविदा प्रपत्र)

प्रति,

कुलसचिव,
अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय,
भोपाल

**विषय :– मूर्ति निर्माण हेतु निविदा वर्ष : 2020–21**

महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत निवेदन है कि हमारी संस्था की जानकारी निम्नानुसार है :–

| सं.क्र. | विवरण | |
|---|---|---|
| 01 | फर्म का नाम | |
| 02 | पत्र व्यवहार का पता | |
| 03 | फर्म के प्रतिनिधि का नाम | |
| 04 | पदनाम | |
| 05 | दूरभाष नंबर (मोबा. एवं लेन्डलाईन) | |
| 06 | ई–मेल | |

## प्रमाण–पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि निविदा में दशार्यी शर्तों के अनुसार विश्वविद्यालय द्वारा मूर्ति निर्माण हेतु निविदा वर्ष : 2020–2021 का कार्य पूर्ण करने हेतु हम अपनी सहमति प्रदान करते/करता हूं। तकनीकी एवं वित्तीय बिड के लिफाफे पृथक–पृथक संलग्न हैं।

**दिनांक :** **फर्म के अधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर एवं सील**

12/11/2020



Scanned with CamScanner

# शपथ पत्र का प्रारूप

1. नाम : ----------------------------------------
2. पिता का नाम : ----------------------------------------
3. पता : ----------------------------------------
4. आयु : ----------------------------------------
5. व्यवसाय : ----------------------------------------

मैं शपथपूर्वक सत्य कथन करता हूं कि

1. यह कि मैं अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय, भोपाल हेतु भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी एवं स्वामी विवेकानंद की कांस्य/पीतल की प्रतिमाएं निर्माण हेतु निविदा प्रस्तुत कर रहा हूं।
2. यह कि मेरी फर्म संस्थान का विवरण इस प्रकार है :–

   (अ) फर्म का नाम एवं पता : ------------------------------
   (ब) फर्म का रजिस्ट्रेशन नंबर : ------------------------------
   (स) जी.एस.टी. नंबर : ------------------------------
   (द) आयकर का नंबर : ------------------------------
   (क) फर्म/संस्था के स्वामियों के नाम एवं पूर्ण पते : ------------------------------

3. यह कि यदि विश्वविद्यालय द्वारा उक्त कार्य दिया जाता है तो मैं कार्य की पूर्णतः गोपनीयता बनाये रखूंगा, यदि किसी प्रकार से गोपनीयता भंग होती है तो उसका पूर्णतः उत्तरदायित्व मेरा होगा।
4. यह कि मेंरी फर्म ------------------------------ किसी भी शासकीय/अशासकीय अर्द्धशासकीय/निगम/मंडल/बैंक आदि कार्यालय/उपक्रम आदि से ब्लेक लिस्टेड नहीं है।
5. यह कि उपरोक्त जानकारी पूर्णतः सत्य है, इसमें किसी प्रकार की कोई जानकारी असत्य नहीं है और न ही छुपाई गई है।

**दिनांक :–**

**स्थान :–**

**शपथग्रहिता**

## सत्यापन

मैं (नाम) -------------------- पिता का नाम --------------- निवासी --------------- शपथपूर्वक सत्यापित करता हूं कि उपरोक्त शपथ पत्र की कंडिका 01 लगायत 05 में वर्णित जानकारी मेरे ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार पूर्णतः सत्य है।

**शपथग्रहिता**



Scanned with CamScanner